Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to resume the discontinued air services from Shimla in Himachal Pradesh.

श्री सुरेश कश्यप (शिमला): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र शिमला है। यह एक ऐतिहासिक शहर है, जो पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान रखता है। जब से कोविड आया है, तब से, वर्ष 2020 से यहां हवाई सेवाएं बंद हैं। यहां एलायंस एयर का एटीआर-42 हवाई जहाज आता था और अपनी सेवाएं दे रहा था, लेकिन कोविड आने पर हवाई सेवाएं बंद होने के बाद यहां हवाई सेवाएं दोबारा शुरू नहीं हुई हैं। जब स्थिति सामान्य हुई, तब भी यहां हवाई सेवाएं बंद रही हैं।

पहले एटीआर-42 लगभग तीस-पैंतीस लोगों को लेकर आता था, लेकिन वापसी में केवल आठ-दस लोगों को ही लेकर जा सकता था, क्योंकि हवाई पट्टी छोटी थी। अब हवाई पट्टी को बड़ा कर दिया गया है, लेकिन अभी तक हवाई सेवाएं शुरू नहीं की गई हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि शीघ्रातिशीघ्र यहाँ हवाई सेवाएं शुरू कर दी जाएं ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले और आम लोगों को भी सुविधा मिल सके।